>

Title: Need to resume the Korba-Raipur intercity train service and stoppage of various trains at Akaltara, Baradwar and Sakti railway stations in Janjgir-Champa Parliamentary constituency in Chhattisgarh and also expedite construction of over bridges and level crossing in the constituency.

श्रीमती कमला पाटले (जांजगीर-चांपा) ः पूर्व सरकार द्वारा बिना रेल बजट में पारित हुए कोरबा से रायपुर इंटरसिटी का परिचालन चुनाव के ठीक एक महीना पहले प्रारंभ की गई थी, तीसरे महीने की समाप्ति पर इसका परिचालन बंद हो गया है। इसी प्रकार जनशताब्दी, साउथ बिहार, हीराकुंड एवं गोंडवाना का ठहराव क्रमशः अकलतरा, बाराद्वार एवं सक्ती स्टेशनों में बंद होने की जानकारी से क्षेत्र के नागरिकों में आक्रोश है।

चांपा ओव्हर ब्रिज निर्माण शुरू करते ही बंद कर दी गई, खोखसा समपार में निर्माण अवधि छः माह बीत जाने के बाद भी प्रारंभ नहीं की गई। अकलतरा ओव्हर ब्रिज पिछले 14 वर्षों से पूरा नहीं हो पाया है।

मेरी मांग है कि वर्तमान में दी जा रही ठहराव एवं इंटरसिटी परिचालन यथावत जारी रखी जाए तथा ओव्हर ब्रिजों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ एवं पूर्ण की जाए।